Title: Need to provide electricity and telephone facilities in Lohardaga Parliamentary Constituency, Bihar.

प्रो. दुखा भगत (लोहरदगा) : महोदय, मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र लोहरदगा के गारू ब्लाक तथा महुआ डांट ब्लाक की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं कि इन ब्लाकों के किसी भी गांव में आजादी के 52 साल के बाद बिजली नहीं है और न ही टेलीफोन व्यवस्था है। मणिका ब्लाक के 20 प्रतिशत गांवों में बिजली है जिससे आधे से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब हैं। ये अत्यन्त पिछड़े आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं जहां पर छात्रों के पठन-पाठन के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। देश के कोने-कोने में विकास कार्य हो रहा है परन्तु इन ब्लाकों में नहीं हो रहा है। इससे यहां के लोगों का आर्थिक विकास नहीं हो रहा है और इन सुविधाओं के अभाव में आदिवासी लोग अपने आपको आगे बढ़ाने में वंचित हैं।

सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन ब्लाकों के गावों को तत्काल विद्युत तथा टेलीफोन से जोड़ा जाए।